# एयर शो: गंगा एक्सप्रेसवे पर आज गरजेंगे वायु सेना के जंगी जहाज



**250** सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं

**09** विमान शामिल होंगे वायुसेना के अभ्यास में

## शाहजहांपुर में आकस्मिक स्थितियों की तैयारियों का किया जाएगा ट्रायल

**लखनऊ, विशेष संवाददाता।** उत्तर प्रदेश में निर्माणाधीन गंगा एक्सप्रेसवे पर भारतीय वायुसेना शुक्रवार को अपनी ताकत दिखाते हुए युद्ध व आपदा जैसी स्थितियों के लिए ट्रायल करेगी। यह एयरशो शाहजहांपुर में 3.5 किमी. लंबे रनवे पर होगा। इसमें राफेल से लेकर जगुआर और मिराज जैसे लड़ाकू विमान शामिल होंगे।

इस एयर शो का उद्देश्य युद्ध या आपदा के समय इस एक्सप्रेसवे को वैकल्पिक रनवे के रूप में इस्तेमाल करना है। यह देश की पहली ऐसी पट्टी होगी, जहां वायुसेना के लड़ाकू विमान दिन-रात लैंडिंग कर सकेंगे। फाइटर प्लेन यहां पूर्वाभ्यास भी कर सकेंगे। सुरक्षा के दृष्टिकोण से हवाई पट्टी के दोनों किनारों पर करीब 250 सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं व बैरिकेटिंग की गई है। जिले की सभी सीमाओं पर सुरक्षा व्यवस्था बढ़ाते हुए चेकिंग तेज कर दी गई है।

**दिन के बाद रात में भी होगा शो:** एयर शो को देखते हुए इंडियन एयरफोर्स ने हवाई पट्टी को अपने अधिकार क्षेत्र में ले लिया है। शो के दौरान फाइटर जेट्स टेस्टिंग के लिए एयर स्ट्रिप पर एक मीटर ऊंचाई पर उड़ान भरेंगे। इसके बाद फाइटर जेट्स एयर स्ट्रिप पर लैंड करेंगे और फिर टेकऑफ भी करेंगे। इसके बाद शाम 7 बजे से रात 10 बजे तक फिर यही एक्सरसाइज की जाएगी। सभी फाइटर जेट्स बरेली एयरफोर्स स्टेशन से उड़ान भरेंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को ही शाहजहांपुर में गंगा एक्सप्रेसवे पर तैयार 3.50 किलोमीटर लंबी आधुनिक हवाई पट्टी का निरीक्षण किया था। पीरू हवाई पट्टी पर लड़ाकू विमानों की लैंडिंग शुक्रवार सुबह 11:30 बजे से शुरू होगी, जिसमें नौ विमान शामिल होंगे। लैंडिंग ट्रायल को देखने के लिए जिले के हजारों पासधारक गवाह बनेंगे। इससे कभी भी यहां से लड़ाकू विमानों द्वारा दुश्मनों के अड्डों को नष्ट करने के लिए सीधा हवाई मार्ग मिल सकेगा।

**अस्थायी हॉस्पिटल बनाया गया:** हीटवेव व गर्मी के दृष्टिगत पीरू हवाई पट्टी पर स्वास्थ्य विभाग द्वारा एक अस्थायी अस्पताल बनाया गया है, जो पूरी तरह वातानुकूलित है। अस्पताल को एयरफोर्स ने अपने सुरक्षा घेरे में ले लिया है।

- 3.5 किमी. लंबी एयर स्ट्रिप पर शुक्रवार को होगा एयर शो
- राफेल से लेकर जगुआर और मिराज जैसे लड़ाकू विमान करेंगे लैंडिंग

### कटरा-जलालाबाद हाईवे तीन घंटे बंद रहेगा

गंगा एक्सप्रेस-वे पर विकसित हवाई पट्टी पर एयरफोर्स के विमानों के अभ्यास के दौरान सुरक्षा के लिहाज से शुक्रवार शाम सात 7 बजे से रात 10 बजे तक कटरा-जलालाबाद हाईवे बंद रहेगा। इसके लिए सीओ ट्रैफिक ने आदेश जारी किया है। इस दौरान हाईवे के आसपास कड़ी सुरक्षा रहेगी। आसमान में शुक्रवार को 8-9 सुखोई, मिग, राफेल व मिराज जैसे विमानों की गड़गड़ाहट सुनाई देगी। इन विमानों को देखने के लिए विभिन्न स्कूलों के 700 बच्चों को विमानों की जानकारी व उनके बारे में कमेंट्री के लिए एयरफोर्स की महिला कैप्टन तैनात रहेंगी। उनके द्वारा एक -एक लड़ाकू विमानों के बारे में भी बताया जाएगा।



शाहजहांपुर में गंगा एक्सप्रेस-वे पर बनी हवाई पट्टी का निरीक्षण करते डीएम व अन्य।

### अभ्यास में भाग लेने वाले प्रमुख फाइटर जेट

- **राफेल:** आधुनिक इलेक्ट्रॉनिक वारफेयर सिस्टम और लंबी दूरी की मेटेओर मिसाइल से लैस
- **एसयू-30 एमकेआई:** यह ट्विन-सीटर फाइटर लंबी दूरी तक स्ट्राइक करने में सक्षम है और ब्रह्मोस जैसी मिसाइलें लेकर उड़ान भर सकता है।
- **मिराज-2000:** फ्रेंच मूल का यह विमान हाई-स्पीड डीप स्ट्राइक में दक्ष है और न्यूक्लियर कैपेबल है।
- **मिग-29:** यह तेज गति, ऊंची उड़ान और राडार चकमा देने की क्षमता वाला लड़ाकू विमान
- **जगुआर:** यह ग्राउंड अटैक और एंटी-शिप मिशन में प्रयोग होने वाला सटीक स्ट्राइक विमान
- **सी-130जे सुपर हरक्यूलिस:** यह भारी ट्रांसपोर्ट एयरक्राफ्ट विशेष बलों की तैनाती, आपदा राहत और रेस्क्यू मिशन में प्रमुख भूमिका निभाता है।
- **एएन-32:** ऊंचाई वाले क्षेत्रों में सामान और जवानों की ढुलाई के लिए उपयुक्त ट्रांसपोर्ट विमान।
- **एमआई-17 वी5 हेलिकॉप्टर:** सर्च एंड रेस्क्यू, बहुउद्देशीय हेलिकॉप्टर।

## शाहजहांपुर की हवाई पट्टी से बढ़ेगी वायुसेना की ताकत

**शाहजहांपुर, संवाददाता।** देश की सुरक्षा की दृष्टि से शाहजहांपुर की जलालाबाद तहसील क्षेत्र के पीरू में गंगा एक्सप्रेसवे पर बनी हवाई पट्टी व बरेली का एयरफोर्स हवाई अड्डा आने वाले भविष्य में वरदान साबित होगा।

गंगा एक्सप्रेसवे पर बनी हवाई पट्टी से पाकिस्तान व चाइना बार्डर के लिए यहां से लड़ाकू विमान सीधे उड़ान भर सकेंगे। साथ ही यह पीरू हवाई पट्टी देश की राजधानी दिल्ली व उत्तर प्रदेश की राजधानी के केंद्र बिन्दु शाहजहांपुर में बनाए जाने से यहां से आसपास की आर्मी की छावनियों में सीतापुर, फतेहगढ़, आगरा, मेरठ व प्रयागराज की भी सुरक्षा तंत्र मजबूत होगा।

अभी तक जो लड़ाकू विमान बरेली स्थित एयरफोर्स हवाई अड्डे पर ही उतरते थे, अब आपातकालीन गंगा एक्सप्रेस वे की हवाई पट्टी पर हो सकेगी।